01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

02 प्रधानमंत्री ने वैश्विक चुनौतियों के बीच सामूहिक प्रयास और राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया। राज्य सरकार ने युद्ध के प्रभाव से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समूह का गठन किया।

03. राज्य में गेहूं की खरीद एक अप्रैल से होगी शुरू। न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार पांच सौ पचासी रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा समेत राज्य के पूर्वी क्षेत्रों में आंधी, बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बत्तीसवी कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेव्स पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक चुनौतियों के बीच सामूहिक प्रयास और राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया है। उन्होंने संसद में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष से उत्पन्न संकट से निपटने के बारे में विस्तार से बात की है और मुख्यमंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की है। प्रधानमंत्री ने यह बात कल उत्तर प्रदेश में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करने के बाद कही। प्रधानमंत्री ने शांत मन और धैर्य को भारतीयों की सबसे बड़ी ताकत बताया और इसी के जरिए देशवासियों से मौजूदा संकट का सामना करने की अपील की।

———साउंड बाइट———

श्री मोदी ने दोहराया कि जो भारतीयों और भारत के हित में है, वही भारत सरकार की नीति और रणनीति है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी राजनीतिक दल देश के संयुक्त प्रयासों को मजबूती प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोरोना के समय कुछ राजनीतिक दलों ने अफवाहें फैलायी थी, जिससे सरकार का काम कठिन हो और देश को नुकसान हो। उन्होंने कहा कि इसका परिणाम शून्य निकला और जनता ने इसे नकार दिया। श्री मोदी ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि देश के सभी राजनीतिक दल इससे सबक सीखेंगे और देश को ताकत देंगे।

———————————————————————

इधर, राज्य में मध्य–पूर्व के युद्ध के मद्‌देनजर आपदा प्रबंधन समूह गठित किया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव नदीमुल गफ्फार सिद्‌दकी ने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के कारण गैस, उर्जा और अन्य जरूरी सामानों की कमी से निपटने और प्रवासी कामगारों के घर लौटने के बाद उन्हें काम मिले इसके लिए यह समूह गठित किया गया है। उन्होंने कहा कि समूह युद्ध की समस्याओं से निपटने के लिए रणनीति बनाने और कार्य योजना तैयार करने का काम करेगा। सचिव ने कहा कि यह समूह मुख्य रूप से खाद्य सामग्री, पेट्रोलियम उत्पादों समेत अन्य आवश्यक सामानों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बताया कि समूह की कल पहली बैठक होगी। बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिलाधिकारी शामिल होगे और जिलों में युद्ध के असर की जानकारी उपलब्ध करायेंगे।

———————————————————————

राज्यसभा के लिए निर्वाचित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कल पद से इस्तीफा दे सकते हैं। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार पद से हटने के बाद भी राज्य को आगे बढ़ाने के लिए उनकी नीतियों को जारी रखना होगा।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत में मत्स्य पालन आजीविका और खाद्य सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। श्री गोयल ने कैमरून में विश्व व्यापार संगठन के चौदहवें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में मत्स्य पालन सब्सिडी पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि देश में नब्बे लाख से अधिक लोग मत्स्य पालन कर रहे हैं। इधर, पटना में डेयरी, मत्स्य और पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने बताया है कि अगले माह से राजधानी पटना समेत राज्यभर में तीस स्थानों पर जीवित मछलियों की बिक्री की जायेगी। यहां से होम डिलीवरी भी की जायेगी।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि मुंगेर जिले में ढोल पहाड़ी और सुल्तानगंज तक मुख्य सड़क का निर्माण कराया जायेगा। श्री चौधरी जिले के असरगंज प्रखंड के चोर गांव पंचायत में ढोल पहाड़ी पर स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा–अर्चना के दौरान यह घोषणा की। उन्होंने कहा इस क्षेत्र में लोगों का रोजगार कैसे बढे और पर्यटन को कैसे बढ़ावा मिले इसको लेकर पर्यटन विभाग भारत सरकार से सहमति ले रहा है। उपमुख्यमंत्री ने ढोल पहाड़ी के समग्र विकास की भी घोषणा की।

———————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी स्थित शौर्य स्तंभ पार्क में आगामी पन्द्रह अप्रैल से अठारह अप्रैल तक रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, डीआरडीओ की ओर से अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री राधामोहन सिंह ने कहा कि इस प्रदर्शनी में रक्षा क्षेत्र में उपयोग होने वाले अत्याधुनिक उपकरणों को प्रदर्शित किया जाएगा।

———————————————————————

राज्य में गेहूं की खरीद एक अप्रैल से शुरू होगी। सहकारिता विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार पांच सौ पचासी रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। पैक्स और व्यापार मंडल के जरिये गेहूं की खरीद की जायेगी। साथ ही अड़तालीस घंटे के अंदर किसानों को रूपये का भुगतान कर दिया जायेगा। वहीं, विभाग ने किसानों की सहायता के लिए हेल्पलाईन नम्बर शून्य छह एक दो–दो दो शून्य शून्य छह नौ तीन भी जारी किया है। इस वर्ष गेहूं खरीद का लक्ष्य अठारह हजार टन निर्धारित किया गया है।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम में परिवर्तन हुआ है। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा समेत राज्य के पूर्वी क्षेत्रों में आंधी, बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि कल प्रदेश में आए आंधी–तूफान और ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों को तैंतीस प्रतिशत से अधिक फसल नुकसान होने पर मुआवजा दिया जाएगा। श्री यादव ने बताया कि पिछले सप्ताह पहले आपदा से किसानों को हुए नुकसान का

मुआवजा के रूप में डीबीटी के माध्यम से लगभग दो सौ करोड़ रुपये खातों में भेजे गए हैं।

———————————————————————

मुंगेर जिले के लडैयाटांड थाना क्षेत्र अंतर्गत पैसरा और कथौटिया पहाड़ के आसपास विशेष जांच अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एके–47 के चौवालीस कारतूस बरामद किया है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र में पुलिस ने शस्त्र अधिनियम के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के फुलपरास थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिला समाहरणालय सभागार में मेधा सम्मान सह–पीसीएस मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रिची पांडेय ने इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को सम्मानित किया।

———————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के जिला नियोजनालय भवन में तीस मार्च को एक दिवसीय जॉब कैंप सह– मागर्दशन मेला का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के थावे होमगार्ड ग्राउंड परिसर में दो दिवसीय थावे महोत्सव का शुभारंभ हुआ। समारोह में स्थानीय कलाकार और पार्श्व गायिका रितिका राज ने अपनी प्रस्तुति दी।

———————————————————————

जहानाबाद नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक वाहन से पांच सौ ग्यारह कार्टन विदेशी शराब बरामद किये हैं।

———————————————————————

निगरानी टीम ने पटना जंक्शन पर अवैध वसूली के आरोप में एक टिकट कलेक्टर को निलंबित कर दिया है।

———————————————————————

पटना नगर निगम ने कल वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस का बजट प्रस्ताव पेश किया। बजट में नये वेंडिंग जोन बनाने और मुफ्त वाई–फाई सुविधा देने की बात कही गयी है।

—————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति कल मैट्रिक की परीक्षा का परिणाम जारी करेगी। समिति के अनुसार परीक्षा में पन्द्रह लाख परीक्षार्थी शामिल हुय थे।

—————————————————————————

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवा निवृत्त सैयद अता हसनैन ने पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान सड़कों पर एयर क्राफ्ट और हेलीपैड की व्यवस्था करने का सुझाव दिया है।

—————————————————————————

राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची तैयार की जा रही है। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार यह प्रक्रिया दो अप्रैल तक चलेगी। प्रदेश के चौबीस जिलों के नगर निकाय का आम चुनाव होगा जबकि उन्नीस में उप चुनाव होगा।

—————————————————————————

अररिया जिले में अभियोजन कार्यों की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी ने बैठक में लंबित कांडों के निष्पादन और त्वरित न्याय दिलाने के निर्देश दिए।

—————————————————————————

विश्व जल संरक्षण पखवारा के तहत स्थानीय महाराजा कॉलेज आरा के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग ने जल संरक्षण को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता सह जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर जल के महत्व पर छात्राओं के बनाए गये पोस्टर प्रदर्शित किये गये।

—————————————————————————

इंडियन प्रीमियर क्रिकेट लीग–आईपीएल का 19वां संस्करण कल से बेंगलुरू में शुरू हो गया। कल खेले गये उद्घाटन मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सनराजर्स हैदराबाद को छह विकेट से हरा दिया। प्रतियोगिता के दूसरे मैच में आज मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में मुम्बई इंडियन्स का सामना कोलकाता नाइट राईडर्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।

—————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पटना में निरीक्षण कार्यक्रम पर लिखा है– बिहार गौरव पार्क, पटना हाट का निर्माण जल्द पूरा होगा।

प्रभात खबर लिखता है– दूसरे राज्यों में रहने वाले बिहारियों का मददगार बनेगा, माईग्रेशन सपोर्ट सेंटर। प्रवासी श्रमिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में होगी सहूलियत।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– राज्य में तीन से चार गुना तक महंगी हो सकती है जमीन, बढ़ेगा एमवीआर। मद्य, निषेध, उत्पाद और निबंधन विभाग ने राज्य सरकार को भेजा है प्रस्ताव।

दैनिक भास्कर ने पटना नगर निगम के बजट पर लिखा है– अब रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य, फ्री वाई–फाई और स्मार्ट क्लास पर जोर।

आज अखबार की सुर्खी है– अतिथि प्राध्यापकों की सेवा नियमित नहीं होगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

02 प्रधानमंत्री ने वैश्विक चुनौतियों के बीच सामूहिक प्रयास और राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया। राज्य सरकार ने युद्ध के प्रभाव से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन समूह का गठन किया।

03. राज्य में गेहूं की खरीद एक अप्रैल से होगी शुरू। न्यूनतम समर्थन मूल्य दो हजार पांच सौ पचासी रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा समेत राज्य के पूर्वी क्षेत्रों में आंधी, बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।